**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल ने शोक व्यक्त किया

## श्री उपाध्याय के निधन से एक अच्छा मित्र खो दिया है - श्री नाईक

लखनऊ 20 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज अमौसी एयरपोर्ट जाकर स्व0 रामजस उपाध्याय के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अंतिम दर्शन किये। स्व0 रामजस उपाध्याय मूलतः अयोध्या के निवासी थे और मुंबई में उनके सहयोगी रह चुके थे। स्व0 रामजस उपाध्याय का अंतिम संस्कार उनके गृह जनपद में किया जायेगा।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 रामजस हिन्दी साहित्य संस्थान मुंबई के अध्यक्ष रह चुके हैं और मुंबई उपनगरों में रामलीला शुरू करने का श्रेय उनको जाता है। वे लगभग तीन दशकों से बोरीवली मुंबई में रामलीला का आयोजन करते थे तथा उत्तर भारतीय समाज के विविध कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित थे। उन्होंने अयोध्या में कई विद्यालय एवं महाविद्यालय स्थापित किए। स्व0 उपाध्याय मुंबई में सफल दुग्ध व्यवसायी थे। उन्होंने कहा कि श्री उपाध्याय के निधन से उन्होंने अपना एक अच्छा मित्र खो दिया है।

श्री नाईक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की कामना के साथ दुःखी परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन(111/33)